प्रेषक,

सचिव,
उ०प्र०, बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज ।

सेवा में,

समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक बे०शि०प०/ 15520-697/2024-25, दिनांक 26-12-2024

**विषय–उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों/मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में वर्ष 2025 में दिये जाने वाले अवकाशों की तालिका का प्रेषण।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में वर्ष 2025 में दिये जाने वाले अवकाशों की तालिका के सम्बन्ध में है।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद व्दारा संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दिनांक 01 जनवरी 2025 से दिनांक 31 दिसम्बर 2025 तक दिये जाने वाले अवकाश की तालिका निम्नवत है–

| क्र० सं० | अवकाश का नाम | दिनो की संख्या | तिथियां | दिनों के नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती | 1 | 06 जनवरी 2025 | सोमवार |
| 2 | मकर संक्रान्ति/हजरत अली का जन्मदिवस | 1 | 14 जनवरी 2025 | मंगलवार |
| 3 | गणतन्त्र दिवस | 1 | 26 जनवरी 2025 | रविवार |
| 4 | संत रविदास जयन्ती | 1 | 12 फरवरी 2025 | बुद्धवार |
| 5 | महाशिवरात्रि | 1 | 26 फरवरी 2025 | बुद्धवार |
| 6 | होलिका दहन | 1 | 13 मार्च 2025 | गुरूवार |
| 7 | होली | 1 | 14 मार्च 2025 | शुक्रवार |
| 8 | ईद–उल–फितर | 1 | 31 मार्च 2025 | सोमवार |
| 9 | रामनवमी | 1 | 06 अप्रैल 2025 | रविवार |
| 10 | महावीर जयंती | 1 | 10 अप्रैल 2025 | गुरूवार |
| 11 | डा0 भीमराव अम्बेडकर जन्म दिवस | 1 | 14 अप्रैल 2025 | सोमवार |
| 12 | गुड फ्राइडे | 1 | 18 अप्रैल 2025 | शुक्रवार |
| 13 | बुद्ध पूर्णिमा | 1 | 12 मई 2025 | सोमवार |
| 14 | ईदुज्जुहा (बकरीद) | 1 | 07 जून 2025 | शनिवार |
| 15 | मोहर्रम | 1 | 06 जुलाई 2025 | रविवार |
| 16 | रक्षाबंधन | 1 | 09 अगस्त 2025 | शनिवार |
| 17 | चेहल्लुम | 1 | 14 अगस्त 2025 | गुरूवार |
| 18 | स्ववतंत्रता दिवस | 1 | 15 अगस्त 2025 | शुक्रवार |
| 19 | जन्माष्टमी | 1 | 16 अगस्त 2025 | शनिवार |
| 20 | ईद–ए–मिलाद/बारावफात | 1 | 05 सितम्बर 2025 | शुक्रवार |
| 21 | अनन्त चतुर्दशी | 1 | 06 सितम्बर 2025 | शनिवार |
| 22 | विश्वकर्मा पूजा | 1 | 17 सितम्बर 2025 | बुद्धवार |
| 23 | दशहरा (महानवमी) | 1 | 01 अक्टूर 2025 | बुद्धवार |
| 24 | महत्मा गॉधी जन्मदिवस/(विजय दशमी) | 1 | 02 अक्टूबर 2025 | गुरूवार |
| 25 | महर्षि बाल्मीकि जयन्ती | 1 | 07 अक्टूबर 2025 | मंगलवार |
| 26 | नरक चतुर्दशी/दीपावली/ गोवर्द्धन पूजा/ भैया दूज/चित्रगुप्त जयन्ती | 4 | 20 से 23 अक्टूबर 2025 | सोमवार से बृहस्पतिवार |
| 27 | छठ पूजा पर्व | 1 | 28 अक्टूबर 2025 | मंगलवार |
| 28 | सरदार बल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस एवं आचार्य नरेन्द्र देव जयंती | 1 | 31 अक्टूबर 2025 | शुक्रवार |
| 29 | गुरूनानक जयन्ती/कार्तिक पूर्णिमा | 1 | 05 नवम्बर 2025 | बुद्धवार |
| 30 | गुरु तेगबहादुर शहीद दिवस | 1 | 24 नवम्बर 2025 | सोमवार |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 31 | किसमस डे | 1 | 25 दिसम्बर 2025 | गुरूवार |

1— उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में तालिका में अंकित अवकाश देय होगे।

2— प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय हेतु कक्षा 1 से 5 तथा कक्षा 6 से 8 में पढाई के घंटे निम्नवत निर्धारित है :—

| | | |
|---|---|---|
| शैक्षणिक समय | 01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक, (प्रार्थना सभा/योगाभ्यास प्रातः 08 बजे से 08:15 तक) एवं 01 अक्टूबर से 31 मार्च तक प्रातः 09 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक (प्रार्थना सभा/योगाभ्यास प्रातः 09 बजे से 09:15 तक) संचालित होगी। | ग्रीष्मकाल में मध्यावकाश अपरान्ह 10:30 बजे से 11:00 बजे तक एवं शीतकाल में मध्यावकाश अपरान्ह 12 बजे से 12:30 बजे तक होगा। |

3— जिलाधिकारी द्वारा अनुमन्य अवकाश देय होंगे।

4— मुस्लिम त्यौहार चन्द्र दर्शन के अनुसार मानायें जायेंगे।

5— हरि तालिका तीज अथवा हरियाली तीज ,करवा चौथ, संकठा चतुर्थी एवं हलषष्ठी/ललई छठ, जीउतिया व्रत/अहोई अष्टमी का अवकाश शिक्षिकाओं एवं पितृ—विसर्जन का अवकाश शिक्षक/ शिक्षिकाओं को देय होगा।

6— ग्रीष्मावकाश 20 मई से 15 जून तक।

7— शीतकालीन अवकाश 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक।

8— ग्रीष्मकाल एवं शीतकाल में मौसम परिवर्तन के दृष्टिगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा विद्यालय संचालन के समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत निर्धारित शैक्षिक घण्टों में कमी न होने के दृष्टिगत किया जायेगा।

9— राष्ट्रीय पर्वो पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

10— महापुरूषों के साथ—साथ देश के स्वाधीनता आन्दोलन के क्रान्तिकारियों एवं प्रसिद्ध समाज सुधारकों आदि के जन्म दिवस पर विद्यालयों में उनके व्यक्तित्व, कृतिव तथा उनके जीवन के सम्बद्ध में छात्र छात्राओं को बताया जायेगा।

उपर्युक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार तिवारी),
सचिव,
उ0प्र0बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।

पृ0सं0बे0शि0प0/ 15520-692/2024—25 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2— समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
3— शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4— अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक/माध्यमिक) प्रयागराज।
5— वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज।
6— मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक), समस्त मण्डल उत्तर प्रदेश।
7— अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ व जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, उ0प्र0 लखनऊ।
8— अध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

26.XII.24

(सुरेन्द्र कुमार तिवारी),
सचिव,
उ0प्र0बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।